तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 14 सितंबर 2024




10 द्रुपत दोनों पैर से हो गई थी बेबस, बैटरी वाली ट्राय ...



12 जिले के आंबा केंद्रों में वजन त्यौहार शुरू



## खबर संक्षेप

### पारास फीडर से विद्युत आपूर्ति आज रहेगी 3.30 घंटे बाधित

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड बालोद के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बालोद उपकेन्द्र के पाररास फीडर की विद्युत आपूर्ति 14 सितम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 02.30 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि बालोद वितरण केन्द्र के अंतर्गत नए लाईन के विस्तार कार्य एवं 02 नए ट्रांसफार्मर लगाने हेतु विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जिसके अंतर्गत 33/11 केव्ही उपकेन्द्र बालोद से निकलने वाली 11 केव्ही पाररास फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र मधु चौक, पाण्डेपारा, बुधवारी बाजार, नया पारा, लोहारा रोड़, बुढ़ापारा, जयस्तंभ चौक एवं आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। इस दौरान विद्युत लाइनों के नीचे किसी प्रकार का धान, फसल, पैरावट आदि नहीं रखने की अपील की है।

**धोखाधड़ी :** गुरुर थाने में भी दर्ज किया गया जुर्म

# वन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, आरोपियों की गिरफ्तार होने के बाद पीड़ित लोग आने लगे सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नौकरी लगाने के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपियों का जाल डौण्डी ब्लाक

- मामले में दो आरोपी पकड़े गए, पूर्व मंत्री हैं बाहर
- वनरक्षक बनाने करोड़ों रुपए वसूले गए

से बाहर भी फैला हुआ है। अब मामले में आरोपियों द्वारा वन विभाग में नौकरी लगाने के लिए पैसा लेने की शिकायत करने वाले अन्य विकासखण्ड से भी सामने आ रहे हैं। ताजा मामला गुरूर विकासखण्ड से सामने आया है,




यहां दो प्रमुख आरोपियों के साथ नया नाम भी जुड़ रहा है। मामले में पहले ही गिरफ्तार हो चुके हरेंद्र नेताम और मदार खान उर्फ सलीम खान सहित एक अन्य व्यक्ति मयंक नेताम के खिलाफ अब गुरुर थाना में भी धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। दरअसर ग्राम बोरतरा निवासी चुराम सिंह ध्रुव ने तीनों आरोपियों पर वन विभाग में वन रक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 8 लाख 75 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप गया है। प्रार्थी चुराम ने अलग-अलग किस्तों में इतनी बड़ी रकम को आरोपियों को नौकरी लगाने के नाम पर दिए हैं, जबकि प्रार्थी को नौकरी नहीं लगा पाए।

विदित हो कि डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम घोठिया गांव में रहने वाले हेडमास्टर देवेंद्र ठाकुर द्वारा आत्महत्या करने के बाद सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय वन मंत्री रहे मोहम्मद अकबर की गिरफ्तारी नहीं हुई है। हालांकि उन्होंने जिला न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। लेकिन न्यायालय ने मामले को गम्भीर प्रवृत्ति होने का हवाला देकर याचिका को खारिज कर दिया। इस मामले में गिरफ्तार हो चुके हरेंद्र नेताम, मदार खान उर्फ सलीम खान के खिलाफ एक और मामला दर्ज हो चुका है।

### झांसे में आए लोग अब करने लगे हैं शिकायत

दरअसल नौकरी लगाने के नाम पर आत्महत्या करने वाले हेडमास्टर देवेंद्र ठाकुर भी शामिल था। वहीं इस गिरोह के मुख्य आरोपी हरेंद्र नेताम और मदार खान जो साल 2022 में जिले के दर्जनों भोले भाले लोगों को नौकरी लगाने के नाम पर उनसे ठगी की है। हेडमास्टर की आत्महत्या और तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की खबर लगते ही अब जितने भी लोग ठगी के शिकार हुए हैं वे सब रिपोर्ट दर्ज कराने थाना पहुंचने लगे हैं।

# नाबालिग से छेड़छाड़ पर युवक पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के देवरी थाना क्षेत्र के पिनकापार चौकी क्षेत्र के एक ग्राम में अपनी मां के साथ तीज पर्व मनाने आई 15 वर्षीय बालिका के साथ लड़कों ने लिफ्ट देने के बहाने वाहन में बैठाकर छेड़छाड़ की।

- एक युवक की पिटाई करने वाले ग्रामीणों पर काउंटर मामला किया गया कायम

छेड़छाड़ की घटना के बाद गांव के कुछ ग्रामीणों ने एक युवक की बेदम पिटाई कर दी। जिससे युवक बेहोश हो गया और राजनांदगांव के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। छेड़छाड़ करने वाले घायल युवक पर पुलिस ने धारा 8, 75(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं घायल युवक के परिजनों ने भी मारपीट करने वाले गांव के 4 से अधिक ग्रामीणो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। दरअसल 7 सितंबर की रात ग्राम रतनभाट थाना डोंगरगढ़ निवासी नितीश मिश्रा अपने कुछ साथियों के साथ स्कार्पियो वाहन में बैठकर एक नाबालिग लड़की को लिफ्ट देने के दौरान उसके साथ छेड़छाड़ किया। इसकी जानकारी लगते ही नाबालिग के परिजनों ने युवक की बेदम पिटाई की।

जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। वहीं नीतीश के पिता ने अब मारपीट करने वाले चार अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले में मारपीट करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

# छात्रावासों का निरीक्षण करने पहुंचे अपर कलेक्टर



**बालोद।** गुरूर विकासखंड के सुदूर वनांचल के ग्राम बड़भूम में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित प्री मेट्रिक आदिवासी बालक एवं कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने आदिवासी बालक एवं कन्या छात्रावास में विभिन्न कक्षों एवं स्नानागार, शौचालय एवं छात्रावास परिसर का निरीक्षण किया। कौशिक ने समस्त छात्र–छात्राओं की उपस्थिति लेकर छात्र–छात्राओं को उपहार स्वरूप कॉपी एवं पेन का वितरण किया। कौशिक ने समस्त छात्रों से शैक्षणिक गतिविधियों, संस्था में मिलने वाली समस्त प्रकार की सुविधाओं ▶▶| शेष पेज 10 पर

# अनुकंपा नियुक्ति दिलाने लिए तीन लाख, पुलिस ने तीन लोगों पर किया मामला दर्ज

**बालोद।** अनुकम्पा नियुक्ति के नाम पर तीन लाख रुपए की ठगी करने वाले तीन लोगों के खिलाफ बालोद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। ग्राम भैंसबोड निवासी दीदार खान ने कोतवाली पुलिस से शिकायत की है कि उनके पिता अमिरू खान जिनका मृत्यु रेल्वे में कार्य करते हो गई थी। अभी तक उनकी जगह पर उसके पुत्र की अनुकम्पा नियुक्ति नही हो पाई है, ना ही कुछ भी राशि मिली है। शुरू में नियुक्ति दिलाने हेतु पैसे की मांग की जा रही थी। प्रार्थी ने बताया कि राविन्द्र कुमार अग्रवाल, संतोष कुमार एवं भूपेन्द्र सिंह ने नौकरी एवं आवक राशि दिलाने का आश्वासन दिया। इसके लिए 3 लाख रुपए मुझसे लिए लेकिन काम नहीं हुआ। पैसे लेकर धोखाधड़ी कर ठगी की है। तीन माह से अधिक होने जा रहा है, अभी तक कुछ भी नहीं मिला है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपी के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

- राशि देने के तीन माह बाद पीड़ित ने कराई रिपोर्ट

**दुकान को ढहाया गया**

# दो एकड़ सरकारी भूमि पर लगाई फसल, मवेशी से चराकर प्रशासन ने कराया मुक्त



हरभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शुक्रवार को ग्राम पंचायत चारभांठा मे पंचायत व राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन की टीम की मौजूदगी मे अवैध कब्जा कर दुकान बनाकर व्यापार कर रहे लोगो के खिलाफ कार्रवाई की गई। वही अन्य दो लोगों ने अवैध कब्जा कर सरकारी जमीन मे खेती कर रहे थे।

जिसमे से एक व्यक्ति द्वारा लगभग दो एकड़ सरकारी भूमि को कब्जा कर धान की खेती कर रहा था। प्रशासन द्वारा खेत में मवेशी को चराकर भूमि को मुक्त करा लिया गया। गांव के एक अन्य व्यक्ति द्वारा अपने खेत से लगे सरकारी जमीन को पांच मीटर तक कब्जा कर कृषि कार्य कर रहा था, उसमें भी प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की गई।

### शिकायत पर कार्रवाई

सरपंच संजय चंद्राकर ने बताया की ग्राम पंचायत को आवेदन प्राप्त हुआ था कि गांव के कुछ लोगों द्वारा सरकारी जमीन अतिक्रमण किया गया है। उसमें दुकान व कृषि कार्य कर रहे हैं। शिकायत के बाद ग्राम पंचायत ने राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण पर कार्रवाई की है। आगे भी ग्राम पंचायत द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।




## खबर संक्षेप



### उप मुख्यमंत्री शर्मा ने सुनी समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहायता केंद्र में समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के क्रम में गुरुवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उपस्थित रहकर काफी संख्या में आए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सहायता केन्द्र में विभिन्न विषयों को लेकर आवेदन प्राप्त हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इनमें से अधिकतर आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करके तत्काल किया और शेष आवेदनों के यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान जन सहयोग केंद्र में प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा, आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विजयशंकर मिश्रा, रूपनारायण सिन्हा, आईटी सेल के प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई भी मौजूद रहे।

### जेल में देवेंद्र से मिले भूपेश



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को बलौदाबाजार कांड में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव से मिलने जेल पहुंचे। उन्होंने देवेंद्र से मुलाकात की। श्री बघेल ने सूर्यकांत तिवारी से भी मिलने की कोशिश की, लेकिन अनुमति नहीं मिली। इसे लेकर श्री बघेल ने अफसरों पर तीखे हमले किए।

### पॉवर कंपनियों में आईआर की जगह अब आईडी एक्ट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की तीनों कंपनियों में अब छत्तीसगढ़ औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 (आईडी एक्ट) प्रभावशील होगा। इसके पूर्व कंपनी में छत्तीसगढ़ औद्योगिक संबंध अधिनियम 1960 (आईआर एक्ट) लागू था। राज्य शासन की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद इसे विद्युत कंपनियों ने लागू कर दिया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यालय मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) ने परिपत्र जारी किया है। 11 सितंबर को जारी परिपत्र में उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा जारी अधिसूचना छत्तीसगढ़ औद्योगिक संबंध अधिनियम 1960 के उपबंध में वर्णित उद्योगों की अनुसूची में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण उद्योग आते हैं।

### सीमेंट की कीमत में बढ़ोतरी कमीशनखोरी का प्रमाण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सीमेंट के बढ़े दामों को लेकर कांग्रेस ने प्रदेशभर में धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विष्णु भोग सीमेंट और बीजेपी सीमेंट कमीशन खोरी की पहचान का स्लोगन लिखी तख़्तिया हाथों में रखी थीं। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा, जिसमें सीमेंट के बढ़े हुए दामों को वापस लेने की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह दर्शाया गया कि 310 रुपए की सीमेंट बोरी को आम आदमी नहीं उठा पा रहा था।

पेज 9 का शेष

### छात्रावासों का ...

के साथ–साथ स्वास्थ्य के सबंध में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान छात्रावास अधीक्षक एवं अधीक्षिका ने स्वस्थ्य तन–मन योजनांतर्गत विद्यार्थियों की नियमित रूप से किए जाने वाले स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी दी। कौशिक ने छात्र–छात्राओं को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम अर्जित करने हेतु प्रोत्साहित किया।

## डौंडीलोहारा में गणेशोत्सव की धूम



तुलसी गणेश उत्सव समिति भालूकोन्हा ।



ध्यानचंद गणेश उत्सव समिति रेंगाडबरी



नवयुवक गणेश उत्सव समिति पांडेपारा रेंगाडबरी



मां दंतेश्वरी गणेश उत्सव समिति रेंगाडबरी



जय नंदीश्वर गणेशउत्सव समिति नंदी चौक रेंगाडबरी



बाल गणेश उत्सव समिति आमापारा रेंगाडबरी



सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति रेंगाडबरी



बाल गणेश उत्सव समिति चिलमगोटा

### सीएम साय ने की कलेक्टर कांफ्रेंस : कामकाज में कमजोरी पर दिखा गुस्सा

# राजस्व मामलों की सुस्ती पर बिफरे सीएम तीन जिलों के कलेक्टरों पर दिखाई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राजस्व मामलों के तेजी से निराकरण के कई बार निर्देश के बावजूद इन मामलों को लेकर सुस्ती पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नाराजगी दिखाई है। गुरुवार को रायपुर के सर्किट हाउस में कलेक्टर कांफ्रेंस के दौरान श्री साय ने राजस्व मामलों की धीमी गति को लेकर सारंगढ़, बस्तर और खैरागढ़ जिलों के कलेक्टरों पर नाराजगी जताई। कलेक्टरों से कहा गया है कि वे राजस्व प्रकरणों को तेज गति से निपटाने के लिए काम करें। राजस्व संबंधी सभी काम समय सीमा में पूरे किए जाएं।

कलेक्टर कांफ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री ने सबसे पहले अविवादित और विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, असर्वेक्षित ग्रामों की जानकारी, नक्शा बटांकन की जानकारी ली। उन्होंने कहा, अविवादित नामांतरण के केस को समय सीमा पर पूरा करें, 70 प्रतिशत से कम निराकरण वाले जिले ज्यादा फोकस करें। विवादित विभाजन के प्रकरण 6 माह से ज्यादा लंबित न हों।

### छोटी-छोटी त्रुटि सुधरवाने भटकते हैं लोग

मुख्यमंत्री ने इस कांफ्रेंस के दौरान राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली को बारीकी से परखते हुए कहा कि सीमांकन जनता से जुड़ा विषय है, जो आदेश है उसका सीमांकन हो जाये। नागरिक छोटी छोटी त्रुटि के लिए भटकते रहते हैं। जल्द से जल्द निराकरण हो इसका ख्याल रखें। डायवर्शन में जिलों का प्रदर्शन अच्छा है, समय सीमा में निराकरण करने से सरकार की छवि बनती है। आपके अधीनस्थ समय पर कोर्ट पहुंचें इसका ध्यान रखें। उन्होंने संभागायुक्तों से कहा है कि वे भी लगातार मॉनीटरिंग करते रहें।



### विश्वकर्मा योजना कई जिलों में शून्य

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल विकास योजना की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कुछ जिलों की शून्य प्रगति पर जतायी नाराजगी। इस संबंध में खैरागढ़, सारंगढ़, सक्ती, रायगढ़ जिलों की शून्य प्रगति पर मुख्यमंत्री नाराज हुए। मुख्यमंत्री ने कहा ये आंकड़े चिंताजनक हैं।

### स्वास्थ्य विभाग के इस काम पर भी नाराजगी

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री के निर्देश दिया है कि पोषण पुनर्वास केंद्र, खैरागढ़ में बेड ऑक्यूपेंसी और क्योर रेट जीरो होने पर मुख्यमंत्री ने नाराज़गी जताई है। उन्होंने कहा कि सभी जिले आयुष्मान पंजीयन आगामी 6 माह में शत प्रतिशत करें। पीएम जनऔषधि के जो केंद्र संचालित नहीं हैं उन्हें शुरू करें। सुनिश्चित करें कि मरीजों को जनऔषधि केंद्र स्पष्ट रूप से दिखें, डायलिसिस की सुविधा हर ज़िले में उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं।

### सूपेबेड़ा : जरूरत पड़े तो दिल्ली से विशेषज्ञ बुलाएं

मुख्यमंत्री ने गरियाबंद जिले के सूपेबेड़ा की स्थिति पर मंथन के दौरान सूपेबेड़ा में किडनी रोगियों पर जतायी चिंता और कहा कि किडनी के मरीजों की संख्या घटाने तेजी से कार्य करें, जरूरत पड़े तो दिल्ली से विशेषज्ञ बुलाकर काम करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम का रोगियों को लाभ मिलना चाहिए।

### मनरेगा में कम रोजगार पर भी नाराजगी

मुख्यमंत्री ने विभागवार कामकाज की समीक्षा करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कामकाज की समीक्षा में कई बिंदुओं पर खामियों को पकड़ा। उन्होंने मनरेगा में मानव दिवस की सृजन कम होने पर बस्तर कलेक्टर पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी दिखाई। इसके साथ ही कलेक्टरों को ध्यान देने के दिए निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश-अमृत सरोवर योजना को जन अभियान का स्वरूप दें।

### पीएम आवास की पहली किस्त 15 को मोदी जारी करेंगे

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के राज्य में क्रियानव्यन पर विशेष ध्यान दिया। कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हमें भारत सरकार से अधिक मात्रा में आवास प्राप्त हुए हैं। जिले विशेष ध्यान देकर पूर्णता सुनिश्चित कराएं। प्रधानमंत्री आवास योजना हमारी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। सीएम ने जानकारी दी कि 15 सितम्बर को प्रधानमंत्री पहली किस्त जारी करेंगे। उन्होंने कहा, सभी कलेक्टर प्रधानमंत्री आवास योजना पर विशेष ध्यान दें।

### कलेक्टर कांफ्रेंस महत्वपूर्ण बिंदु

- आठ घंटे चली बैठक सीएम केवल लंच ब्रेक छोड़कर पूरे समय रहे शामिल
- कलेक्टरों के परफार्मेंस की नियमित अंतराल पर समीक्षा होगी
- कलेक्टरों की पहली जिम्मेदारी दंडाधिकारी के रूप में कानून व्यवस्था बनाए रखने की
- रायपुर में होने वाले जनदर्शन में ऐसी समस्याएं ही आएं जिनका समाधान जिला स्तर पर नहीं हो सकता
- विशेष पिछड़ी जनजातियों के बीच जाकर मैं स्वयं पीएम जनमन योजना का क्रियान्वयन देखूंगा- सीएम
- स्कूलों में बच्चों के स्थायी जाति प्रमाणपत्र बनाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए।
- हम जितना तकनीकी नवाचार को बढ़ाएंगे, राजस्व संबंधी भ्रष्टाचार उतना ही घटेगा।
- सिकल सेल के मरीजों को चिन्हांकन और इलाज की समुचित व्यवस्था हो।
- बस्तर ओलिंपिक 2024 का होगा आयोजन।

## धनोरा में विराजे गणपति



**अंडा।** ग्राम धनोरा के वार्ड नंबर 7 गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई है। यहां रोज रात्रि में अलग-अलग दिन कुछ न कुछ कार्यक्रम होते हैं। गुरुवारकी रात गणेश जी की आरती के बाद बच्चों द्वारा 101 किलो का खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। विसर्जन के दौरान जय बजरंग बाजा पार्टी द्वारा झांकी के साथ विसर्जन शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस समिति बबलू, लक्की पटेल, लक्ष्मण साहू, भूपेश साहू, रमन साहू, भोलू साहू, चीन्टू साहू आदि बच्चों का समुह शामिल हैं



# मतदाता सूची के लिए रजिस्ट्रीकरण और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2024 की तैयारी

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2024 के जिले के नगरीय निकायों के 1 जनवरी 2024 के सदंर्भ में तिथि के आधार पर मतदाता सूची तैयार किया जाना है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आदेश जारी कर नगरीय निकायों के मतदाता सूची तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार नगर पालिका परिषद बालोद हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और तहसीलदार बालोद को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है।

इसी प्रकार नगर पालिका परिषद दल्लीराहजरा हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और तहसीलदार डौण्डी को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर पंचायत गुरूर हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और तहसीलदार गुरूर को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर पंचायत गुण्डरदेही हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुण्डरदेही को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और तहसीलदार गुण्डरदेही को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर पंचायत अर्जुंदा हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुण्डरदेही को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और तहसीलदार अर्जुंदा को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डीलोहारा को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और तहसीलदार डौण्डीलोहारा को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर पंचायत डौण्डी हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और नायब तहसीलदार डौण्डी को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर पंचायत चिलखलकसा हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और नायब तहसीलदार डौण्डीलोहारा को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### समय पर कार्य का करें संपादन

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रवाल ने सभी संबंधित अधिकारियों को नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2024 हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार किये जाने के संबंध में आयोग के निर्देश एवं कार्यक्रम की प्रति संलग्न कर भेजी है। आयोग के दिये निर्देशानुसार समय पर कार्य का संपादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### बस्तर दशहरा : सीएम ने की आयोजन की समीक्षा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को अपने निवास कार्यालय 75 दिन तक मनाये जाने वाले देश के ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के सफल आयोजन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने इस दौरान बस्तर दशहरा पर्व की गरिमा के अनुरूप सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सर्व संबंधितों को सौंपे गए दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन किये जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 75 दिन तक चलने वाला बस्तर दशहरा पर्व हरेली अमावस्या के दिन पाट जात्रा पूजा विधान के साथ 4 अगस्त 2024 से शुरू हो गया है, जो 19 अक्टूबर 2024 तक मनाया जाएगा। यह दशहरा पर्व विभिन्न जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक भावना का महत्वपूर्ण प्रतीक है।

# दुरपत दोनों पैर से हो गई थी बेबस, बैटरी वाली ट्रायसायकल मिलने से अंगुलियों की इशारे पर दौड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- एक दुर्घटना में दोनों पैर गवां दिए थे, कलेक्टर को दिया आवेदन, मिली ट्रायसायकल

एक दुर्घटना में अपने दोनों पैर से दिव्यांग हो चुकी दुरपत बाई को बैटरी चलित ट्रायसायकल के रूप में एक बेहतर सहारा मिल गया है। जिससे वह अब अपनी अंगुलियों के इशारे पर दौड़ रही है। कहीं भी जाना–आना कर पा रही है।

बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम परसदा निवासी दुरपत बाई ने बताया कि कुछ वर्ष पहले वह रोजी–मजदूरी का कार्य करती थी। एक दिन भवन निर्माण के कार्य में अचानक निर्माणाधीन दीवाल के गिर जाने और उसकी चपेट में आने से उसके दोनों पैर हमेशा के लिए निष्क्रिय हो गए। तब से दिव्यांग के रूप में घर में ही रहना होता है। बाहर जाने–आने में काफी समस्याएं होती है। उनका ख्याल उनके पति ही रखते हैं। लेकिन पति के रोजी–मजदूरी में जाने के दौरान वह घर पर एक ही जगह बैठे रहती है। कहीं भी स्वयं से जाना–आना नही कर पाती है। दिव्यांग दुरपत बाई ने बताया कि उक्त समस्याओं को लेकर वह कलेक्टोरेट बालोद में आवेदन करने पहुँची थी।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग दुरपत बाई की समस्या का बेहतर समाधान करते हुए उसे समाज कल्याण विभाग द्वारा बैटरी चलित व्हीलचेयर प्रदान किया गया है। दुरपत बाई ने बताया कि बैटरी चलित व्हील चेयर पाकर वह बहुत खुश है, इसे चलाना काफी आसान है। अब वह इसके माध्यम से अपने घर के आस–पास कही भी जाना–आना कर सकती हैं।

### समस्या का हुआ त्वरित समाधान

दुरपत बाई ने कहा कि उसकी इस समस्या के त्वरित समाधान से वह काफी खुश है। शासन–प्रशासन की काफी अच्छी पहल है कि हमें सामान्य व्हील चेयर की जगह बैटरी चलित ट्रायसायकल प्रदान किया गया है। जिससे वह स्वयं ही कही भी जाने–आने में सक्षम हो गई हैं।

### श्रीराम चबूतरा में शेड बनाने 25 लाख, पटवा सामुदायिक भवन का लोकार्पण

# मूणत ने रायपुरा में 1 करोड़ से अधिक के कार्य शुरू कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड में श्रीराम चबूतरा रायपुरा पहुंचकर 11 स्थानों पर 86 लाख के नये विकास कार्यो का कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया। इसी तरह इंद्रप्रस्थ रायपुरा में पटवा समाज सामुदायिक भवन का 2 स्थानों पर 20 लाख में निर्मित नये भवनों का लोकार्पण किया।

पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के रायपुरा स्थित रामचबूतरा विधायक राजेश मूणत ने शेड बनाने 25 लाख और पटवा समाज के सामुदायिक भवन में शेड के लिए 5 लाख रुपये विधायक निधि से देने की घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने वार्ड के नागरिकों ने बताया कि महादेवघाट को दिव्य तीर्थ स्थल का स्वरूप देने जल्द कार्य प्रारंभ किया जायेगा। श्री मूणत ने अधिकारियों व ठेकेदारों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने निर्देश दिये। कार्यक्रम में नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, वार्ड पार्षद वीरेन्द्र देवांगन, पूर्व पार्षद ओंकार बैस, दीनबंधु सिंह ठाकुर, गोपी साहू, शारदा गिरी गोस्वामी, पूर्व शहर भाजपा अध्यक्ष अशोक पांडे सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।।



# सांसद बृजमोहन ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

सांसद बृजमोहन अग्रवाल गुरुवार को राजधानी के शहीद पंकज विक्रम वार्ड और शहीद राजीव पांडे वार्ड में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने भाठागांव स्थित बीएसयूपी कालोनी एचपीएल में नाली मरम्मत, संधारण कार्य और 17 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, चबूतरा और रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके अलावा टिकरापारा के सरजूबांधा तालाब के पास विकास कार्यों का भूमिपूजन, शहीद पंकज विक्रम वार्ड के टिकरापारा स्थित गोंडवाना भवन परिसर में 41.11 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें 15 लाख की लागत से गोंडवाना समाज भवन में अतिरिक्त कमरा निर्माण, 15 लाख रुपये से शेड और टैगोरनगर में 11 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य शामिल है। इस मौके पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सीसी रोड के लिए 10 लाख रुपए अतिरिक्त राशि देने की घोषणा की। गोंडवाना भवन टिकरापारा में 200 बेड की क्षमता वाले कन्या छात्रावास निर्माण की घोषणा की है। कार्यक्रम में सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, जोन 6 अध्यक्ष निशा-देवेन्द्र यादव, जोन 5 अध्यक्ष मन्नू यादव, पार्षद उत्तम साहू, समीर अख्तर, जोन कमिश्नर विमल शर्मा, मनीषा चंद्राकर सहित स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से मिले बाल कल्याण परिषद पदाधिकारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद रायपुर पदाधिकारी महासचिव चंद्रेश शाह, उपाध्यक्ष डॉ. कमल वर्मा, संयुक्त सचिव राजेंद्र कुमार निगम ने राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में मुलाकात की। साथ ही राज्यपाल को शॉल, विशेष गुजराती पटका और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इसी दौरान उन्हें परिषद की गतिविधियों से अवगत कराया गया। इस मौके पर पदाधिकारियों ने परिषद द्वारा संचालित स्पीच थेरेपी सेंटर, मानसिक दिव्यांग गृह, बाल जीवन ज्योति अनुसंधान केन्द्र, खुला आश्रय गृह, राज्य वीरता पुरस्कार और अन्य कार्यों से अवगत कराया।

### सांसद बृजमोहन को सौंपा ज्ञापन, जताया आभार

**रायपुर।** अपनी मांगों को लेकर अमर शहीद हेमू कालाणी समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष किशोर आहूजा ने बताया कि प्रमुख मांग कचहरी चौक में शहीद हेमू कालाणी की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने और हेमू कालाणी चौक का सौंदर्यीकरण किए जाने के लिए दस लाख की मांग की है, जिस पर सांसद श्री अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द शहीद हेमू कालाणी की मूर्ति और चौक सौंदर्यीकरण कर दिया जाएगा। इस अवसर पर सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ, अमर शहीद हेमू कालाणी समिति के अध्यक्ष किशोर आहूजा, अमर गिदवानी आदि ने आभार जताया।

### महर्षि कश्यप मुनि जन्मोत्सव सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**रायपुर।** केशरवानी वैश्य कल्याण समिति द्वारा महर्षि कश्यप मुनि का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शोभायात्रा की जगह महर्षि कश्यप की पूजा, महायज्ञ, महाआरती और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इसी दौरान नवनियुक्त केशरवानी वैश्य कल्याण समिति और महिला सभा रायपुर के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें समिति के अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, महामंत्री शिवम केशरवानी, कोषाध्यक्ष अशोक केशरवानी, दोनों समिति के अन्य पदाधिकारियों ने भी शपथ ली। विशेष अतिथि रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने भूमि आवंटन में सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

### मध्यप्रदेश निर्मित शराब के साथ चार गिरफ्तार

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने एक मकान में दबिश देकर तीन लाख रुपए कीमत की मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब जब्त की है। साथ ही पुलिस ने अवैध रूप से शराब भंडारण करने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# कुसमकसा में आठ दिन बाद घरों में पानी की सप्लाई हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

नगर में आठ दिन बाद अफसरों व सरपंच की पहल पर आज पानी की सप्लाई घरों में की गई। हरिभूमि ने इससे संबंधित खबर का प्रकाशन किया तो प्रशासन जागा।

- टेलीकाम कंपनी ने खोदा तो पाइप हुआ क्षतिग्रस्त

ग्रामीणों को नलजल योजना की टंकी से पानी सप्लाई के लिए क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को दुरुस्त करने ग्राम पंचायत के सरपंच ने मजदूर लगाकर सड़क की खुदाई कराई। क्षतिग्रस्त पाइप की जगह मिलने पर उसे दुरुस्त कराकर पानी सप्लाई शुरू कराई। क्षतिग्रस्त पाइप को सुधारने के बाद सड़क के नीचे दबी पाइप लाइन से पानी का रिसाव होने लगा। आठ दिन बाद नलजल योजना की पाइप लाइन में दुरुस्ती का कार्य चालू होने से पानी मिलने की आस पर ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। किंतु दूसरे जगह से पानी का रिसाव होने से अब नवमें दिन भी पानी नहीं मिल पाएगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी व निजी टेलीकाम कंपनी के कर्मचारियों को पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की जानकारी होने के बाद भी अतापता नहीं है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ नितिन ठाकुर ने क्षतिग्रस्त नलजल योजना के पाइप लाइन सुधार कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। विभाग के कर्मचारी धन्नू लाल सिन्हा को ग्राम पंचायत कुसुमकसा के सुधार कार्य में लगे कर्मचारी के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया है।

## पाइपलाइन के ऊपर ही बना दी गई सड़क

### आज भी होगा और सुधार

सरपंच शिवराम ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा मजदूर लगाकर सड़क की खुदाई कराकर फाल्ट ढूंढ कर पाइप का संधारण किया गया। किंतु उसके बाद भी पानी का रिसाव हो रहा है। शनिवार को पुनः मजदूर सड़क की खुदाई कर फाल्ट ढूंढेंगे। फाल्ट मिलने पर जल्द सुधार हो जाएगा।




### केबल डालने के दौरान हुई क्षतिग्रस्त

शिवराम सिंद्रामे सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा ने बताया की राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन निर्माण कार्य के समय अधिकारियों को नलजल योजना की पाइप लाइन को निर्माणाधीन सड़क मार्ग की सीमा के बाहर करने का निवेदन किए थे। किंतु नलजल योजना की पाइप लाइन के ऊपर ही सड़क का निर्माण करा दिया गया। वहीं आठ दस दिन पूर्व निजी टेलीकाम कंपनी द्वारा मशीन के माध्यम से केबल डालने के कार्य में पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे पानी सप्लाई बंद हो गई है।

**समस्या:** एक हफ्ते से ग्राम में फैला है उल्टी- दस्त, रोज बढ़ रहे मरीज

# करहीभदर में थम नहीं रहा डायरिया, पीड़ितों की संख्या पहुंची 50, अस्पताल में 14 का इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम करहीभदर में डायरिया का प्रकोप थमता नहीं दिख रहा है। एक हफ्ते में पीड़ितों की संख्या 50 पहुंच चुकी है। इनमें से 14 का इलाज स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है। ग्रामवासियों की कहना है कि प्रतिदिन 15 से ज्यादा प्रभावित सामने आ रहे हैं। जिसमें सबसे ज्यादा आवास पारा, भाटा पारा और नीचे पारा में ही प्रभावित नजर आ रहें है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग मितानिनों के माध्यम से वार्डों में निगरानी रख रहा है। ग्राम करहीभदर में डायरिया उलटी दस्त का प्रकोप बीते एक हफ्ते से देखने को मिल रहा है। पहले कुछ दिनों तक मरीजों की संख्या 5-6 थी। लेकिन अब संक्रमण बढ़ते क्रम में है। जिसके कारण मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी नजर आ रही है। रोजाना 15 से ज्यादा मरीज डायरिया से पीड़ित सामने आ रहे हैं। वहीं मरीजों की बढ़ती संख्या को देख स्वास्थ विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। स्वास्थ विभाग ने सलाह दी है कि साफ व गर्म पानी पीने, दूषित भोजन नहीं करने, साथ ही साफ सफाई पर ध्यान देने के लिए कहा गया है।स्वास्थ विभाग द्वारा पेयजल का सैम्पल जांच के लिए भेजा गया था। पानी की रिपोर्ट बैक्टीरिया रहित आई है, जिसके कारण अब अंदेशा लगाया जा रहा है कि घरों में लगे नल कनेक्शन का पाइप लीक होगा। जिसके माध्यम से गलियों में बहने वाले गंदे पानी या गड्डों में भरे दूषित व गंदे पानी पीने से लोग डायरिया उल्टी दस्त से प्रभावित हो रहे है। जिसमें सबसे ज्यादा आवासपारा, भाटापारा और नीचे पारा के लोग प्रभावित नजर आ रहें है, जहाँ गलियों में गंदगी फैली हुई है।

- स्वास्थ्य विभाग मितानिनों के माध्यम से रख रहा है नजर






### अस्पताल व घरों में इलाज जारी

हालांकि स्वास्थ विभाग द्वारा हॉस्पिटल में मरीजों का इलाज जारी है, जिसके कारण मरीजों को हायर सेंटर रिफर करने की नौबत नहीं आई है। हालांकि बहुसंख्यक मरीजों का इलाज घरों में भी जारी है। स्वास्थ विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम करहीभदर में अब तक लगभग 50 लोग डायरिया की चपेट में आ चुके है, वर्तमान में 14 मरीजों का इलाज स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

### रोज 15 पीड़ित आ रहे सामने

ग्रामीण चिकित्सक सहायक तुलसी साहू ने बताया कि बीते एक हफ्ते से रोजाना 15 मरीज आ रहें है, जो डायरिया उलटी दस्त से प्रभावित है। जिनका इलाज हॉस्पिटल में जारी है। वहीं ग्रामीणों को अलर्ट कर मितानिनो के माध्यम से निगरानी बरती जा रही है।

# मानदेय राशि बढ़ाने स्कूल सफाई कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्कूल सफाई कर्मचारी संघ ने मानदेय राशि बढ़ाने के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि जिले के स्कूल सफाई कर्मचारियों का मानदेय प्रतिमाह के 5 तारीख तक नहीं मिलने से कर्मचारियों को अपने जीवन यापन करने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला के अंतर्गत गुरूर ब्लाक में 16 जून से मानदेय राशि जारी की गई है, जबकि अन्य ब्लाकों में 26 जून से मानदेय राशि जारी करते हुए भुगतान में कटौती की गई है तथा भुगतान भी किया गया है। उस राशि में प्रतिदिन के हिसाब से प्रत्येक कर्मचारियों का 26.60 रूपये कटौती की गई है, जो गलत है। इसलिए कर्मचारियों के प्रति सहानूभूमि करते हुए अधिकार की राशि कर्मचारियों को दिलाई जाए।

### घीना में क्रिकेट प्रतियोगिता 20 से

**बालोद।** डौंडीलोहारा ब्लाक के ग्राम घीना में 20 सितंबर से राधा रमण कप ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 10000 रुपये, तृतीय पुरुस्कार 5000 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 2500 रुपये रखा गया है। इसके अलावा विभिन्न आकर्षक पुरस्कार विजेताओं को समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा। क्रिकेट प्रेमी 20 सितंबर तक एंट्री ले सकते हैं। उक्त जानकारी रवी सिन्हा और रूपसिंह रावटे घीना ने दी।

# पेयजल की समस्या से ग्रामीणों को मिली निजात

## जल जीवन मिशन के बेहतर संचालन से समस्या का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गर्मियों के दिनों में पेयजल की विकट समस्या से प्रभावित ग्राम कुरदी में अब भरपूर मात्रा में शुद्ध पेयजल मिल रहा है। ग्राम पंचायत कुरदी के ग्रामीणों की इस समस्या का समाधान, जल जीवन मिशन के बेहतर संचालन से हुआ है।

ग्राम पंचायत कुरदी में जल जीवन मिशन "हर घर जल" रेटरोफिटिंग विलेज योजना के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण सहित ग्राम में पाइप लाइन का विस्तार किया गया है। जिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में हर घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का कार्य बेहतर रूप में क्रियान्वित करते हुए ग्राम कुरदी के ग्रामीणों के घरों में प्रतिदिन सुबह और शाम शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है।



ग्राम पंचायत कुरदी के सरपंच संजय कुमार साहू ने बताया कि पहले उनके ग्राम में पानी की काफी समस्या थी। कई बार अन्य ग्रामों से टैंकर के माध्यम से ग्रामीणों के लिए पानी मंगाया जाता था, लेकिन अब जल जीवन मिशन के तहत उनके ग्राम में पानी टंकी का निर्माण किया गया है तथा घर-घर में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है।









ग्राम कुरदी की रूपा बाई साहू और हीरा बाई ने बताया कि पहले वे हैण्डपंप के माध्यम से अपने घरों के लिए पानी लाती थी, जिसमें हैण्डपंप के समक्ष लंबी लाइन लगाना पड़ता था और काफी मश्क्कत के बाद थोड़ा बहुत पानी ही मिल पाता था, लेकिन अब घर में नल लगने के पश्चात पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल मिल रहा है। जिसका उपयोग वे और उनका परिवार पेयजल सहित निस्तारी के लिए करते हैं। ग्राम कुरदी के आंगनबाड़ी केन्द्र की सहायिका वैजंती ठाकुर ने बताया कि आंगनबाड़ी परिसर में जल जीवन मिशन के तहत नल लगाया गया है।

जिसमें भरपूर मात्रा में शुद्ध पेयजल मिलता है। इससे वे आंगनबाड़ी केन्द्र आने वाले बच्चों के पेयजल, भोजन पकाने तथा किचन गार्डन में उपयोग करती है।

प्राथमिक शाला कुरदी की प्रधानपाठक खिलेश्वरी साहू ने बताया कि ग्राम में नल से मिल रहे पानी के बेहतर उपयोग और उपयोग पश्चात बहने वाले पानी के सदुपयोग, सोख्ता गड्ढा का निर्माण सहित जल संरक्षण के लिए समय-समय पर स्कूली बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जाता है। जिससे गांव में जल संरक्षण और जल के बेहतर उपयोग करने के प्रति लोगों में जागरूकता आई है। ग्राम पंचायत कुरदी के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिलने और इसके बेहतर संचालन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

### पंजीकृत श्रमिकों के परिजनों को मिलेगी पीएम सुरक्षा बीमा से सहायता राशि

**बालोद।** ई-श्रम पोर्टल में जिले के पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिनकी मृत्यु एवं दिव्यांगता दुर्घटनावश 31 मार्च 2022 के पूर्व हुई है। ऐसे पात्र श्रमिकों के नामिनी या उनके परिवार के सदस्यों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत सहायता राशि का भुगतान किया जाना है। इसके अंतर्गत एक्सग्रेशिया क्लेम करने की अंतिम तिथि अब 31 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। सहायक श्रम पदाधिकारी ने बताया कि ऐसे श्रमिक के नामिनी या उनके परिवार के सदस्य आवश्यक दस्तावेज के साथ श्रम पदाधिकारी कार्यालय बालोद में उपस्थित होकर योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकृत श्रमिक के मृत्यु की स्थिति में उनका मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु के कारण का मेडिकल सर्टिफिकेट, एफ.आई. आर. कॉपी या पंचनामा, कारण सहित पोस्टमार्टम रिपोर्ट, नामिनी का सर्टिफिकेट, एक से अधिक वारिस की स्थिति में शपथ पत्र, आधार कार्ड, यू.ए.एन. कार्ड, नामिनी का ई-श्रम कार्ड, आधार लिंक नामिनी का बैंक खाता दस्तावेज होना अनिवार्य है। इसी प्रकार पंजीकृत श्रमिक की स्थायी अपंगता की स्थिति के लिए हास्पिटल रिकार्ड या डिस्चार्ज का ब्यौरा, एक्सीडेंट होने पर एफ.आई.आर. रिपोर्ट, सिविल सर्जन द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र/युनिक आई.डी. कार्ड,. पालक के संबंध में जिला न्यायालय द्वारा जारी सर्टिफिकेट, नाबालिक की स्थिति में वारिस प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आधार लिंक नामिनी का बैंक पासबुक, आधार लिंक राशन कार्ड, मोबाईल नम्बर (आधार लिंक), श्रमिक एवं नामिनी ई-श्रम कार्ड होना अनिवार्य है।

# विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें तेज आवाज में डीजे बजने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शांति सुरक्षा समिति की बैठक में पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी दिनों में होने वाले भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान कोई भी डीजे तेज आवाज में नहीं बजेगा। साथ ही रात 10 बजे के बाद डीजे कहीं पर भी बजने की शिकायत आएगी तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में चर्चा हुई कि आगामी 20 सितम्बर को जिला मुख्यालय में सार्वजनिक स्थानों में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन शोभायात्रा और झांकी का आयोजन होगा

- पुलिस ने ली शांति सुरक्षा समिति की बैठक
- 20 का निकाली जाएगी विसर्जन शोभायात्रा व झांकी

पुलिस अनुविभागीय अधिकारी देवांश सिंह राठौर ने कहा कि विसर्जन वाले दिन दोपहर 2-3 बजे से विसर्जन शोभायात्रा निकाले और रात 10 बजे से पहले प्रतिमाओं का विसर्जन कर लें। उन्होंने कहा कि जो भी नियम है उसका पालन करेंगे। अगर कोई नियमों की धज्जियां उड़ाते दिखे तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शांति सुरक्षा समिति कि बैठक में शहर के अलग अलग गणेश उत्सव समिति के 100 से अधिक लोग शामिल हुए थे। बैठक में एसडीपीओ देवांश सिंह राठौर ने स्पष्ट रूप से कहा कि अगर मारपीट या विवाद की स्थिति निर्मित होती है तो समिति के पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और उनके डीजे को जप्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समिति के सदस्यों को अपने मुख्य लोगों का नाम वालिंटियर के रूप में देना होगा ताकि कुछ भी विपरीत परिस्थितियों में उन्ही से संपर्क कर सकें।

एसडीओपी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर अस्त्र शस्त्र लेकर घूमते हुए दिखाई दिया तो सीधा आर्म्स एक्ट की तहत कार्रवाई होगी, चाहे कोई भी हो। बैठक में पुलिस प्रशासन के आलाधिकारियों ने कहा कि भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन के दौरान शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे। किसी भी प्रकार से शांति भंग न हो इसकी जिम्मेदारी सभी की है।





### जिपं सीईओ ने गुरुर विकासखंड में चल रहे कामों का किया निरीक्षण

# विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के साथ सर्वे के लक्ष्य को करें हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने आज गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. कन्नौजे ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के अंतर्गत चल रहे प्रगतिरत विकास कार्यों का जायजा लिया।

- लखपति दीदीयों द्वारा बना रहे सामानों का किया अवलोकन

श्री कन्नौज संबंधित अधिकारियों से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास प्लस हितग्राहियों के पंजीयन, जियोटेगिंग, संक्शन आवास एवं एफटीओ कार्यों के बारे में जानकारी ली। शेष कार्यों को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गुरूर ब्लॉक में ओबीसी सर्वे के लक्ष्य को जल्द पूरा करने के भी निर्देशित दिए। इसके साथ ही केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी लखपति दीदी पहल के अंतर्गत ग्राम पंचायत अरमरीकला में लखपति दीदियों द्वारा सेनेटरी नेपकिन, सामुदायिक बाड़ी, अगरबत्ती निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति बनाने हेतु लाईन डिर्पाटमेंट से सहयोग लेने के लिए निर्देशित भी किया। डॉ. कन्नौजे ने ग्राम पंचायत छेड़िया में ओबीसी सर्वे कार्य का निरीक्षण किया कर सरपंच, सचिव एवं बीएलओ को समय सीमा में सर्वे कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।





### ग्रामीणों से चिकित्सा सुविधा की ली जानकारी

सीईओ डॉ. कन्नौजे ने आयुष्मान आरोग्य केन्द्र अरमरीकला का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से उपलब्ध मेडिसीन, लैब टेस्ट, कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी आदि की जानकारी ली। इस दौरान केन्द्र में इलाज कराने आए ग्रामीणों से चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने केन्द्र में उपस्थित चिकित्सकों को समय पर बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### वेदिता का जवाहर नवोदय में चयन



**डौंडीलोहारा।** आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा की छात्रा वेदिता मंडावी पिता धर्मेंद्र मंडावी व माता उमेश्वरी मंडावी का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय दूधली में कक्षा छठवीं लिए हुआ है। पिताजी एसटीएफ दुर्ग में पदस्थ है। जवाहर नवोदय में चयन होने पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष नोपचंद जैन, उपाध्यक्ष प्रतीक जैन, सचिव रवि जैन, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, प्रधान पाठिका नोम साहू , वीके साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जसनि शिविर अब 19 को होगा

**बालोद।** विकासखण्ड गुरूर के ग्राम धनेली में जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 19 सितम्बर को सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि 13 सितम्बर को ग्राम कंवर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर प्रस्तावित था, जिसे स्थगित किया गया है।

### प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल में हुआ न्योता भोज



**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला डोंगीतराई में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्र प्रशांत के जन्मदिन पर उनके माता–पिता सारिका व भूपेश कुमार द्वारा न्योता भोज कराया गया।

### पोती की जन्मदिन पर दादा ने कराया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड अंतर्गत समीप के कसही पंचायत के आश्रित ग्राम शास्त्रीनगर के प्राथमिक शाला में सेवानिवृत्ति पशु चिकित्सक केसुराम भुआर्य द्वारा अपने नातिन के जन्मदिन पर न्योता भोज कराया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के तहत मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त खीर, पूरी, मटर पनीर की सब्जी के साथ अचार, पापड़ इत्यादि परोसा गया। इस अवसर पर संकुल स्त्रोत समन्वयक मोहित राम भौसार्य ने समस्त ग्रामवासियों से विशेष दिन को यादगार बनाने बच्चों के साथ न्योता भोज में अतिरिक्त पोषण आहार प्रदान करने में सहयोग प्रदान करने की अपील की। उक्त न्योता भोज में प्रधानपाठक तेजस्वीनाथ योगी, सहायक शिक्षक दिलेश्वर साहू, चुम्मन भुआर्य, छवि, खेमलता भुआर्य, सतरूपा भुआर्य, सुमित्रा भुआर्य व जंत्री सुधाकर आदि उपस्थित थे।

### मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ की बैठक कल

**बालोद।** मध्यान भोजन रसोइया संयुक्त संघ की जिला स्तरीय बैठक में प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन 27 सितंबर को तूता नया रायपुर में रखे जाने का निर्णय लिया गया। चर्चा में शासन द्वारा घोषणा पत्र में 5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी को जल्द लागू करने एवं रसोइयो को नियमित किया जाए। इसके लिए 15 सितंबर को जिला बालोद के समस्त ब्लाकों में डौण्डी, डौण्डीलोहारा, गुरूर, गुण्डरदेही में बैठकर रखी गई है।

## 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा

# जिले के आंबा केंद्रों में वजन त्योहार शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

जिले में 12 से 30 सितंबर तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार में 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा। उनके कुपोषण स्तर की जांच की जाएगी। इसके साथ ही बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार वितरण करने के साथ ही पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

उक्त कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजन करने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी उषा झा ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह 2024 की गतिविधियों के आयोजन पोषण, स्वास्थ्य, साफ सफाई, टीकाकरण के बारे भी लोगों को जागरूक करने पर बल दिया जायेगा। वहीं किशोरी बालिका और गर्भवती महिला का वजन व ऊंचाई लेने को कहा गया।

### अंडा के आंबा क्रमांक 2 में मनाया गया वजन त्यौहार

इसी कड़ी में आंगनवाड़ी अंडा केंद्र क्रमांक 2 में वजन त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पूर्व सेवा नियुक्त प्राचार्य डीपी चंद्राकर, प्रधानपाठक चंद्रहास साहू, भानु चंद्राकर, मितानिन तीजन यादव, रखमणि ठाकुर, सीएचओ दामिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता शकुन साहू, जानकी हिरवानी, अम्बिका लहरे, भारती, कांति बंजारे, रामहीन सिन्हा सहित पालकगण उपस्थित थे। इस दौरान जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों को सही पोषण के संबंध में जानकारी दी जाएगी। कुपोषण को दूर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ कितने बच्चों को मिल रहा है और कितने बच्चे कुपोषण से निजात पा चुके हैं। उसका भी पता लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वजन त्यौहार का आयोजन कलस्टर पर किया जाएगा।





### विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई है ड्यूटी

प्रत्येक कलस्टर में वजन त्यौहार के लिए विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, पर्यवेक्षक की ड्यूटी भी लगाई जाएगी। आयोजित होने वाले वजन त्यौहार में आयु व वजन के साथ-साथ बच्चों की ऊंचाई तथा बच्चे की निःशक्तता संबंधी जानकारी भी संकलित की जाएगी। वजन त्यौहार के अवसर पर प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र हेतु ग्राम स्तरीय, वार्ड स्तरीय दल का गठन किया गया हैं। समुदाय के समक्ष आंगनबाड़ी, ग्राम, नगरीय क्षेत्र के सभी सर्वेक्षित बच्चे का वजन लेकर पोषण स्तर का मापन किया जाएगा। इस हेतु ऑनलाइन सॉफ्टवेयर से वजन की जानकारी भरकर सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही पोषण स्तर ज्ञात किया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज बच्चों के अलावा वजन त्यौहार आयोजन के समय बाहर से आए बच्चे भी वजन लेने से वंचित न रहे यह भी सुनिश्चित किया जाएगा। कुपोषण विषय पर जन जागरूकता में वृद्धि लाने के लिए विशेष कार्य किए जाऐंगे। राज्य के प्रत्येक केन्द्र, ग्राम पंचायत, विकासखंड में पृथक-पृथक कुपोषण की वर्तमान स्थिति की जानकारी तैयार करते हुए कुपोषण कम करने की कार्य योजना तैयार की गयी है ।










### जनप्रतिनिधियों व पालकों की मौजूदगी में वजन त्योहार का किया गया शुभारंभ

**बालोद।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वजन त्योहार का शुभारंभ सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम जुंगेरा के आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों का वजन कराकर वजन त्योहार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं बच्चों के पालकों के उपस्थिति में आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्योहार का आयोजन किया जा रहा है।

- आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का कराया गया वजन

## कामता व भालूकोंहा को स्वतंत्र पंचायत बनाने ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौडीलोहारा

विकासखंड के ग्राम कामता व भालूकोंहा के ग्रामीणों ने स्वतंत्र पंचायत की मांग को लेकर दोनों गांवों के ग्रामीण एकजुट हुए और मंगलवार को जिला जनदर्शन में कलेक्टर को हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र सौंपा। विदित हो कि उक्त दोनों ग्राम पंचायत सिवनी में शामिल है।

उप सरपंच हरेश्वर सिन्हा ने बताया कि ग्राम कामता व भालूकोन्हा के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सिवनी से पृथक कर कामता को स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग की है। उपसरपंच हरेश्वर सिन्हा ने बताया कि ग्राम सिवनी की जनसंख्या 1000 से अधिक है। इस कारण कामता व भालूकोन्हा को पृथक कर स्वतंत्र पंचायत बनाया जाये। कलेक्टर को जनदर्शन में मांग पत्र सौंपने सरपंच नेतराम तारम, उपसरपंच हरेश्वर सिन्हा, तुकाराम साहू, फगनू राम सिन्हा, सुखचंद गांवरे, गुमान सिंह कोसमा , दिलेश्वर साहू, फूलचंद कुमेटी, लीलाधर, डोमेंद्र कुमार आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### रेंगाडबरी में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता 17 को

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में इस वर्ष भी 17 सितम्बर को रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। नेमन साहू ने बताया कि सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5001 देवलाल ठाकुर, दिलीप शर्मा द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 4001 जयेश जैन, निरंजन पडौती, रूपेश सिन्हा द्वारा, तृतीय पुरस्कार 3001 इन्द्रपाल तुमरेकी द्वारा इसी प्रकार युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 2501 आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रेंगाडबरी द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 2001 आशुतोष राणा द्वारा, तृतीय पुरस्कार 1501 बलियार निषाद द्वारा प्रदान किया जाएगा।इसी प्रकार एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 1501 शास. उच्च .शाला रेंगाडबरी, द्वितीय पुरस्कार 1001 एवन रात्रे द्वारा, तृतीय पुरस्कार 701 कमल साहू द्वारा प्रदान किया जाएगा। आयोजन समिति श्री गणेश उत्सव समिति बजरंग नगर एवं समस्त ग्रामवासी रेंगाडबरी ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## कॉलेज में लगाया गया विधिक जागरूकता शिविर



**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में गुरुवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डौण्डीलोहारा के व्यवहार न्यायाधीश सुश्री सतप्रीत कौर छाबड़ा, विजय कुमार यदु, अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार साहू द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को विधिक जानकारी एवं मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके की गई।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे, नेहा ध्रुवे, टुशिका नायक, देवानंद वर्मा, कुलेश्वर पटेल, नंदकिशोर सिन्हा, टेकराम नेताम, हलेश कुमार लिल्हारे एवं समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार साहू द्वारा किया गया।

# मतदाता सूची तैयार करने अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

त्रि–स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए पंचायतों के 1 जनवरी 2024 के सदंर्भ में तिथि के आधार पर मतदाता सूची तैयार किया जानी है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी(स्थानीय) इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आदेश जारी कर नगरीय निकायों के मतदाता सूची तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार सम्पूर्ण अनुभाग क्षेत्र बालोद हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और विकासखण्ड बालोद के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम पंचायत क्षेत्र हेतु तहसीलदार बालोद को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार सम्पूर्ण अनुभाग क्षेत्र गुरूर हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और विकासखण्ड गुरूर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम पंचायत क्षेत्र हेतु तहसीलदार गुरूर को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सम्पूर्ण अनुभाग क्षेत्र गुण्डरदेही हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुण्डरदेही को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और विकासखण्ड गुण्डरदेही के अंतर्गत आने वाले तहसील गुण्डरदेही के समस्त ग्राम पंचायत क्षेत्र हेतु तहसीलदार गुण्डरदेही को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसील अर्जुंदा के समस्त ग्राम पंचायत क्षेत्र हेतु तहसीलदार अर्जुंदा को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सम्पूर्ण अनुभाग क्षेत्र डौण्डीलोहारा हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डीलोहारा को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और विकासखण्ड डौण्डीलोहारा के अंतर्गत आने वाले तहसील डौण्डीलोहारा के समस्त ग्राम पंचायत क्षेत्र हेतु तहसीलदार डौण्डीलोहारा को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसील मारएँ बंगला(देवरी) के समस्त ग्राम पंचायत क्षेत्र हेतु तहसीलदार मारएँ बंगला(देवरी) को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सम्पूर्ण अनुभाग क्षेत्र डौण्डी हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और विकासखण्ड डौण्डी के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम पंचायत क्षेत्र हेतु तहसीलदार डौण्डी को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है।

- निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू की

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रवाल ने सभी संबंधित अधिकारियों को त्रि–स्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार किये जाने के संबंध में आयोग के निर्देश एवं कार्यक्रम की प्रति संलग्न प्रेषित कर आयोग के दिये निर्देशानुसार समय पर कार्य का संपादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# जिले में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 18 से

## 650 युवाओं की अलग-अलग पदों पर की जाएगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज. बालोद

जिले के विभिन्न विकासखण्डों में सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई एवं टेक्नोटास्क बिजनेस साल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड टेडेसरा राजनांदगांव द्वारा विभिन्न पदों के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई द्वारा 18 से 24 सितंबर तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत 18 सितंबर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुरेगांव, जनपद पंचायत डौण्डी में 19 सितंबर, शासकीय महाविद्यालय मंगचुवा (डौण्डीलोहारा) में 20 सितंबर, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुंडरदेही में 23 सितंबर को तथा जिला रोजगार कार्यालय (कलेक्टर परिसर) बालोद में 24 सितंबर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसमें सिक्यूरिटी गार्ड (केवल पुरूष) के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी।

जिसकी शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं पास, आयु सीमा 20 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। इसी तरह सिक्यूरिटी सुपरवाईजर (केवल पुरूष) के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता बारहवीं या ग्रेजूएट पास, आयु सीमा 25 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। इसी तरह महिला सिक्यूरिटी गार्ड के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता आठवीं से बारहवीं पास, आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। उक्त पदों का कार्यक्षेत्र रायपुर, दुर्ग, भिलाई एवं राजनांदगांव निर्धारित की गई है। इसी तरह टेक्नोटास्क बिजनेस साल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड टेडेसरा राजनांदगांव द्वारा कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट के कुल 400 पद हेतु जनपद पंचायत डौण्डी में 19 सितंबर तथा जिला रोजगार कार्यालय (कलेक्टर परिसर) बालोद में 24 सितंबर को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसकी शैक्षणिक योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रोगामिंग में मान्यता प्राप्त संस्था से एक वषऍय डिप्लोमा तथा आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है।

उक्त पदों का कार्यक्षेत्र ग्राम टेडेसरा जिला राजनांदगांव होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि बताया कि ईच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।



### सेवानिवृत जोहन लाल को दी गई विदाई

**गुण्डरदेही।** मिडिल स्कूल तमोरा के प्रधानपाठक जोहन लाल साहू का सेवानिवृत्त होने पर विदाई और संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान कार्यक्रम रखा गया था। इसमें संकुल प्राचार्य प्रीतलाल देशलहरा, संकुल समन्वयक खेमलाल ठाकुर, पूर्व समन्वयक मनोज ठाकुर के साथ संकुल केन्द्र के अंतर्गत सभी स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे। छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

स्वामी जी 93406-38884


By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
23 सितंबर 2024
10 नवंबर 2024
10 जनवरी 2025 मकर संक्रांति
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज